

सीएम उद्धव से मिले थे सचिन-गावसकर

## सुनील गावसकर को मदद करने मैदान में उतरे सचिन तेंडुलकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावसकर को मदद करने के लिए सचिन तेंडुलकर ने श्पैडअपश कर लिया है। दरअसल, इन दोनों ने संयुक्त रूप से बांद्रा प्लॉट पर एक क्रिकेट अकादमी शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। दरअसल, यह प्लॉट 31 वर्ष पहले सुनील गावसकर के ट्रस्ट को अलॉट किया गया था, लेकिन काफी समय तक कोई कंस्ट्रक्शन नहीं हुआ तो महाराष्ट्र हाउसिंग ऐंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी गावसकर ट्रस्ट से वापस लेना चाहता है।

अब इस मामले में गावसकर की मदद के लिए सचिन आगे आए हैं। रंगशारदा सभागार के पास 21,348–वर्ग फुट का भूखंड 31 साल पहले सुनील गावसकर क्रिकेट फाउंडेशन ट्रस्ट को एक इनडोर क्रिकेट अकादमी स्थापित करने के लिए आवंटित किया गया था, लेकिन कई वर्षों में कोई निर्माण नहीं किया गया था। दिसंबर में अथॉरिटी ने राज्य सरकार से यह कहते हुए प्लॉट को वापस लेने की बात कही कि गावसकर ट्रस्ट के साथ डील खत्म हो गई है।

दूसरी ओर, लिटिल मास्टर सुनील गावसकर ने मास्टर ब्लास्टर के साथ बिजनस पार्टनर बनने की तैयारी कर ली है। इस बारे में तेंडुलकर ने 24 दिसंबर को गावसकर के साथ मातोश्री का दौरा किया और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। पिछले महीने, गावसकर ने मुंबई उपनगर के अभिभावक मंत्री आदित्य ठाकरे से मुलाकात की, जिससे जूनियर ठाकरे ने पूछा कि क्या दोनों क्रिकेट के महानायक बांद्रा प्लॉट पर एक अकादमी स्थापित कर सकते हैं।

# टी20 वर्ल्ड कप की प्रैक्टिस के लिए आईपीएल है: विराट

क्रिकेट

### भारतीय कप्तान ने कहा, 'टी20 अलग तरह का फॉर्मेट है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हैमिल्टन। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने मंगलवार को कहा कि उनकी टीम न्यू जीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों को मजबूत करने की योजना नहीं बना रही क्योंकि आगामी आईपीएल उसके लिए 'सही मंच' है। मुख्य कोच रवि शास्त्री ने हालांकि पिछले महीने कहा था कि न्यू जीलैंड और साउथ अफ्रीका (मार्च में) के खिलाफ वनडे सीरीज का इस्तेमाल भारतीय टीम अक्टूबर–नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए करेगी।

कैप्टन कोहली ने बुधवार को यहां पहले वनडे की पूर्व संध्या पर कहा, 'हम पहले ही पांच टी20 मैच खेल चुके हैं। ऐसा नहीं है कि हमारे पास टी20 के पर्याप्त मैच नहीं है। हमारे पास आईपीएल भी है और यह डेढ़ महीने तक चलेगा। तो हम





शायद उसका उपयोग करेंगे।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'टी20 अलग तरह का फॉर्मेट है। आईपीएल शायद सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट है। खिलाड़ी टूर्नामेंट में उस मानसिकता (टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी) के साथ उतरेंगे। अभी काफी समय है और हम अभी उस मानसिकता में आकर 50 ओवर के फॉर्मेट में अलग तरीके से नहीं खेलना चाहते हैं।'

कप्तान को लगता है कि हर फॉर्मेट को एक जैसा सम्मान देना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'आपको हर फॉर्मेट का सम्मान करना होगा, आपको 50 ओवर के खेल की उसकी गति के अनुसार खेलना होगा। जैसा कि मैंने संयोजन के बारे में बात की, यह खिलाड़ियों को उनकी भूमिकाओं में ढलने और उसे दोहराने के बारे में है ताकि उन्हें पता चले कि उन्हें किस फॉर्मेट में कैसे खेलना है।'

न्यू जीलैंड को टी20 सीरीज में 5–0 से हराने के बाद भारतीय टीम वनडे सीरीज में बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ जाएगी। कोहली की टीम ने न्यू जीलैंड के पिछले दौरे पर एकदिवसीय सीरीज में 4–1 से जीत दर्ज की थी। कोहली ने कहा, 'पिछली बार जब हम यहां खेले थे, तो हम पहले तीन मैचों में हावी थे। चौथे मैच में हार का सामना करना पड़ा और पांचवें में हमने फिर से वापसी की। हमने महसूस किया कि वास्तव में वनडे में हमारे पास योजनाओं को पूरा करने के लिए अधिक समय है। टी20 फॉर्मेट न्यू जीलैंड के लिए उपयुक्त था क्योंकि वे विस्फोटक क्रिकेट खेल सकते थे। एकदिवसीय क्रिकेट में हमने कुछ बहुत ही कठिन सीरीज खेली हैं।' कप्तान ने कहा कि टी20 में बुरी तरह से हारने के बाद न्यू जीलैंड की टीम वापसी को बेकरार होगी।

# दिव्यांश सक्सेना के शानदार कैच ने पलटा मैच का रुख!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पोचेस्त्र। अंडर–19 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 172 रन पर ऑल आउट कर दिया। पाकिस्तानी टीम एक बार 240 के करीब जाती लग रही थी लेकिन गेंदबाजों ने दमदार खेल दिखाते हुए पाक टीम को रोक लिया। भारतीय गेंदबाजों के अलावा फील्डर्स ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। इस मैच में दिव्यांश सक्सेना के लाजवाब कैच पकड़ा।

अंडर–19 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने गेंद और बल्ले के साथ लाजवाब फील्डिंग भी की है। मंगलवार को पाकिस्तान के खिलाफ सक्सेना ने शानदार कैच





लपका। इस कैच ने मैच को काफी हद तक भारत के पक्ष में करने में मदद की।

**क्या हुआः** पाकिस्तानी पारी का 35वां ओवर चल रहा था। बाएं हाथ के स्पिनर अथर्व अंकोलेकर की गेंद पर मोहम्मद हारिस ने स्वीप शॉट खेला। हारिस विकेट पर टिक चुके थे और अच्छे शॉट खेल रहे थे। उन्होंने 14 गेंदों पर 21 रन बना लिए थे और काउंटर अटैक कर भारतीय टीम पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे थे। हारिस के स्वीप शॉट पर दिव्यांश सक्सेना ने डीप स्क्वेअर लेग पर दौड़ लगाई और छलांग लगाकर शानदार कैच किया।

**सॉफ्ट सिग्नल आउटः** पहली नजर में अंपायर को यह संदेह हुआ कि कहीं कैच करने के प्रयास में गेंद जमीन पर तो नहीं लग गई। ऐसे में फैसला तीसरे अंपायर पर छोड़ा गया। सॉफ्ट सिग्नल आउट दिया गया तीसरे अंपायर ने पुष्टि की कैच सही पकड़ा गया।

## साउथ अफ्रीका दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान, ग्लेन मैक्सवेल की हुई वापसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैनबरा। विस्फोटक बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल की दक्षिण अफ्रीका दौरे पर होने वाली वनडे और टी–20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी हुई है। मैक्सवेल ने मानसिक स्वास्थ्य कारणों से पिछले साल अक्टूबर में श्रीलंका के खिलाफ टी–20 सीरीज के दौरान खेल से ब्रेक लिया था। इसके बाद उन्होंने इस साल जनववरी में भारत दौरे के लिए खुद को उपलब्ध बताया था। लेकिन भारत दौरे के लिए मैक्सवेल को ऑस्ट्रेलिया की 14 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया था। उनकी जगह मार्नस लाबुशाने को चुना गया था। मैक्सवेल के अलावा उनके बीबीएल टीम साथी मार्कस स्टॉइनिस को टीम में जगह नहीं मिली है। स्टॉइनिस ने बीबीएल में पिछले महीने 79 गेंदों पर 147 रनों की नाबाद पारी खेली थी। ऑस्ट्रेलिया को 21 फरवरी से जोहानिसबर्ग में तीन मैचों की वनडे और तीन मैचों की टी–20 सीरीज खेलनी है।

## न्यूज डायरी



### तो पृथ्वी साव और मयंक अग्रवाल करेंगे वनडे डेब्यू, मिडल ऑर्डर में खलेंगे राहुल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हैमिल्टन। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने मंगलवार को इस बात की पुष्टि की कि चोटिल शिखर धवन के स्थान पर वनडे टीम में शामिल किए गए पृथ्वी साव को बुधवार को न्यू जीलैंड के साथ होने वाले वनडे मुकाबले के लिए अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा और वह पारी की शुरुआत करेंगे। कोहली ने यह भी कहा कि शानदार फॉर्म में चल रहे लोकेश राहुल मध्यक्रम में बल्लेबाजी की जिम्मेदारी सम्भालेंगे। कोहली ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'रोहित का वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। वनडे में पृथ्वी साव पारी की शुरुआत करेंगे जबकि लोकेश राहुल को मध्य क्रम में बल्लेबाजी करनी होगी। हम चाहते हैं कि वह विकेटकीपिंग के साथ–साथ मध्यक्रम में बल्लेबाजी की जिम्मेदारी सम्भालें।' बता दें कि रोहित की जगह मयंक को टीम में शामिल किया गया है और उन्हें ओपनिंग में उतारा जाएगा।

### मीराबाई ने अपना ही राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ा, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई चानू ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के 49 किग्रा वर्ग में 203 किग्रा वजन उठाकर अपना ही राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। मणिपुर की इस 25 साल की खिलाड़ी ने स्नैच में अपने दूसरे प्रयास में 87 किग्रा वजन उठाया जबकि क्लीन एवं जर्क में 115 किग्रा के साथ उन्होंने कुल 203 किग्रा वजन उठाया। मंगलवार के इस प्रयास के साथ विश्व रैंकिंग में मीराबाई चीन की जियांग हुईहुआ (212 किग्रा) और हाऊ झीहुई (211 किग्रा) तथा कोरिया की री सोंग गुम (209 किग्रा) के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। इससे पहले मीराबाई का राष्ट्रीय रिकार्ड 201 किग्रा का था जो उन्होंने पिछले साल सितंबर में थाईलैंड में विश्व चैंपियनशिप के दौरान बनाया था जहां वह चौथे स्थान पर रहीं थी।

### राष्ट्रमंडल स्पर्धाओं की मेजबानी के भारत के प्रस्ताव को हाउस आफ लार्ड्स का समर्थन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेल 2022 की अतिरिक्त निशानेबाजी और तीरंदाजी स्पर्धाओं की मेजबानी के भारत के प्रस्ताव का ब्रिटेन के हाउस आफ लार्ड्स ने विस्तृत चर्चा के बाद समर्थन किया है। पिछले महीने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने निशानेबाजी को हटाए जाने के कारण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के बहिष्कार की धमकी वापस ले ली थी और इसकी जगह निशानेबाजी चैंपियनशिप की मेजबानी का औपचारिक प्रस्ताव सौंपने का फैसला किया था जिसमें जीते हुए पदक खेलों की तालिका में जुड़ेंगे। ब्रिटेन के हाउस आफ लार्ड्स ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। डिजिटल, संस्कृति, मीडिया और खेलों से जुड़े विभाग की विदेश मंत्री बारोनेस डायना बेरेन ने कहा, "सरकार भारतीय ओलंपिक संघ के बयान का स्वागत करती है जिसमें उन्होंने पुष्टि की है कि भारत खेलों में हिस्सा लेगा।

### शुरुआती 2 वनडे से केन विलियमसन बाहर, चैपमैन टीम में शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। न्यू जीलैंड के कप्तान केन विलियमसन चोट के कारण भारत के साथ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के शुरुआती दो मैचों से बाहर हो गए हैं। मार्क चौपमैन ने केन की जगह ली है। केन के बाएं कंधे में सूजन है। भारत के साथ हुई पांच मैचों की टी–20 सीरीज के तीसरे मुकाबले के दौरान फील्डिंग करते हुए केन को चोट लगी थी। इस कारण वह अंतिम दो मैचों में नहीं खेल सके थे। केन की चोट को लेकर कीवी टीम के फिजियो विजय वल्लभ ने कहा है कि वह केन की चोट पर नजर रखे हुए हैं और उनकी वापसी की सम्भावना बनाई जा रही है। इस बीच, कीवी चयन समिति के सदस्य गेविन लार्सन ने कहा है कि केन की जगह ऑकलैंड एसेस के बाएं हाथ के बल्लेबाज चौपमैन को मंगलवार को हेमिल्टन में टीम से जुड़ने के लिए कहा गया है।